**UPRN010017812023**

## न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, कोर्ट सं.2 रमाबाई नगर (कानपुर देहात)।

सिविल अपील संख्या–32/2023

**सियादुलारी आदि बनाम राम दयाल आदि**

दिनांक–31.07.2026

पत्रावली प्रस्तुत की गयी। उभयपक्ष अनुपस्थित है। आदेश पत्रक के अवलोकन से विदित होता है कि विगत तिथि पर भी अपीलार्थी पक्ष अनुपस्थित रहा है तथा उन्हें न्यायहित में अन्तिम अवसर प्रदान किया गया था, परन्तु अपीलार्थी पक्ष की ओर से पुनः आज न तो कोई उपस्थित है और न ही कोई स्थगन/मौका प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा न ही पूर्वादेश के अनुपालन में कोई पैरवी ही की जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलार्थी पक्ष की प्रश्नगत प्रकरण में रूचि समाप्त हो चुकी है। अतः प्रश्नगत सिविल अपील संख्या–32/2023 उभयपक्ष की अनुपस्थिति एवं अदम पैरवी में निरस्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

सिविल अपील संख्या–32/2023 सियादुलारी आदि बनाम रामदयाल आदि उभयपक्ष की अनुपस्थिति व अदम पैरवी में निरस्त की जाती है। आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक- 31.07.2026

(प्रभा नाथ त्रिपाठी)
I.D.No– UP06288
अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं०.2
कानपुर देहात।

Digitally signed by PRABHA NATH TRIPATHI
Date: 2026.07.31 15:40:59 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court